तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

2 समाज के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी : वीरेंद्र




4 मुस्लिम समाज ने जुलूस निकाल कर मनाई ईद...



## खबर संक्षेप

### ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू



**कुरुद।** जय मां काली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरूद में आगामी क्वांर नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गई है। महोत्सव 22 से 30 सितंबर मनाया जायेगा। मंदिर कार्यालय के सेवकराम साहू ने बताया कि तेल ज्योति कलश हेतु 801 रुपये एवं घी ज्योति कलश हेतु 1501 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच की प्रस्तुति आज

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के सिद्धि विनायक परिवार स्कूलपारा द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। सिद्धि विनायक परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 सितंबर शनिवार की रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ लोक कला मंच हंचलपुर की प्रस्तुति होगी। 7 सितंबर को शाम 5 बजे झांकी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### उमरगांव में कबड्डी स्पर्धा आज

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में जय बजरंग बाल मंडली द्वारा 6 सितम्बर को एक दिवसीय डे नाइड कबड्डी स्पर्धा आयोजित की गई है। यह 18 वर्ष के लड़कों के लिए है। वजन 45 किलो तक होना चाहिए। पुरस्कार क्रमशः 8025, 5025, 4025, 2025 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी। प्रवेश शुल्क 300 रुपए है। प्रतियोगिता की तैयारी में लोकेश कुंजाम, संत कामड़े, तुलसी साहू, मोहित गुप्ता, अरुण चिराम, गजेन्द्र साहू, लीलाशंकर साहू, रविशंकर सहित समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

### भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह 10 को

**धमतरी।** रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सत्र 2000-2001 के पश्चात से अब तक शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययन की हुई भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह 10 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे रखा गया है।

### परसुली में 13 से रामधुनी प्रतियोगिता

**धमतरी।** ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से 13 से 15 सितंबर तक तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद व उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि यहां कई साल से रामधुनी का कार्यक्रम होते आ रहा है, जिसे आज भी ग्रामवासियों ने कायम रखा है। मुख्य अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, नीलकंठ साहू, प्रभुराम निषाद, उपसरपंच घनश्याम बांधे होंगे।

लूट का विरोध करने पर मारा था चाकू, अर्जुनी-भखारा व साइबर टीम को मिली सफलता

# भानपुरी हत्याकाण्ड का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोमवार की आधी रात ग्राम भानपुरी में हुई बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या व लूट के मामले में पुलिस ने इस वारदात में शामिल आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकाण्ड का पर्दाफाश किया है।



मृतक कृतराम

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरी निवासी कृतराम साहू पिता बिशाल राम उम्र 65 वर्ष व उसकी पत्नी रश्मि साहू सोमवार की रात्रि खाना खाकर सो गये थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी देर रात्रि लूट की नीयत से उसके घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति को बंधक बनाकर आलमारी से सोना-चांदी व नकदी की तलाश कर रहे थे, जिसका वृद्ध ने विरोध किया। इतने में आरोपियों ने धारदार हथियार से वृद्ध पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। खूनी वारदात को अंजाम देकर आरोपी आलमारी से सोने का झुमका, चांदी की पायल, 5 हजार रूपये व मोबाइल फोन लूटकर घर के पीछे वाले गेट से फरार हो गये। सूचना पर अर्जुनी पुलिस, एफएसएल की टीम, डाग स्क्वायड, फ्रिंगर प्रिंट एक्सपर्ट मौके पर पहुंच जांच में जुट गए। मृतक की पत्नी रश्मि साहू की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103-1, 309-6, 310-3, 331-8, 49, 61, 238 बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। मुखबिर व तकनीकी साक्ष्य की मदद से पुलिस ने घटना के पांचवें दिन वारदात में शामिल भखारा क्षेत्र के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।




### ये हैं आरोपी

पुलिस ने भानपुरी हत्याकाण्ड व लूट में शामिल भखारा क्षेत्र के धनराज यादव पिता दीपक उम्र 22 वर्ष ग्राम भठेली, चेतन कुमार साहू पिता ढालसिंह 19 वर्ष भठेली, हुपेन्द्र बांधे पिता दिनेश 18 वर्ष 11 माह भठेली, कुलेश्वर ध्रुव पिता गनेशु राम 22 वर्ष ग्राम कचना, हेमसागर मंडावी पिता हेमंत 20 वर्ष गुजरा वर्तमान निवास संतोषी नगर रायपुर व सोमप्रकाश देवांगन पिता कन्हैया लाल उम्र 36 वर्ष ग्राम कुर्रा थाना भखारा निवासी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

### तकनीकी साक्ष्यों से हुई आरोपियों की पहचान

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भानपुरी हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए बताया कि इस अंधे कत्ल के लिये पुलिस की अलग-अलग टीम गठित की गई थी। वहीं पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ने मुखबिर का जाल फैलाया गया था। घटनास्थल से मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना व तकनीकी साक्ष्य की मदद से 6 आरोपी धनराज यादव, हुपेन्द्र बांधे, चेतन साहू, कुलेश्वर ध्रुव, हेमसागर मंडावी व सोमप्रकाश देवांगन सभी भखारा क्षेत्र निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। प्राथमिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से समय पर विवेचना पूरी कर पुलिस का आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास रहेगा। आरोपियों के कब्जे से लूटे गये फोन, चांदी के जेवर, 14 सौ नकदी व लूट का मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू दो नग, वारदात के समय पहने कपड़े व बाइक क्रमांक सीजी 05 एएस 2814 को जब्त किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी मणिशंकर चंद्रा, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, साइबर प्रभारी सहित अर्जुनी-भखारा पुलिस व साइबर सेल की टीम मौजूद थे।

## पिकअप खेत में पलटी, ड्राइवर व अन्य बाल-बाल बचे

**मगरलोड।** मोहंदी राजपुर मेन रोड में अनियंत्रित पिकअप खेत में जाकर पलट गई। इस घटना में ड्राइवर व अन्य बाल बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार 4 सितंबर गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे मोहंदी विद्युत स्टेशन की पिकअप का चालक काम खत्म होने के बाद अपने घर सरगी जा रहा था। इसी दौरान जामली मोड़ के आगे टर्निंग में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पारकर जनपद सभापति कृष्णा ध्रुव के खेत में जाकर पलट गई। इस घटना में चालक व अन्य साथी बाल-बाल बच गए। पिकअप सड़क से 50 फीट दूर खेत में जाकर पलटी है। जनपद सभापति कृष्णा ध्रुव ने बताया कि उनके खेत के पास टर्निंग सड़क मार्ग में आए दिन दुर्घटना होती रहती है। सड़क के दोनों तरफ डिवाइडर लगाने की मांग की गई है ताकि दुर्घटना पर अंकुश लग सके।

## महापौर, आयुक्त ने उपमुख्यमंत्री को ऑनलाइन मीटिंग में कार्ययोजना की जानकारी दी

- महापौर, आयुक्त ने कहा : संवाद बैठक निगम के लिए मार्गदर्शन और उपयोगी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उपमुख्यमंत्री अरूण साव की मौजूदगी में नगरीय प्रशासन, विकास विभाग ने राज्य भर के महापौर, आयुक्तों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ऑनलाइन मीटिंग ली, जिसमें सवाल जवाब हुआ। बैठक में नगर निगम महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल अधिकारी, कर्मचारी व एमआईसी मेंबर शामिल हुए। मीटिंग में संपत्ति कर युक्तियुक्तकरण, राजस्व, संवर्धन, कर वसूली की पारदर्शिता, नागरिकों को बेहतर सुविधाएं दिलाने का प्रयास, जनसहभागिता और तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग आदि टॉपिक पर सवाल जवाब हुए। महापौर और आयुक्त ने इसका क्रमवार सहजता से जवाब दिया। उपमुख्यमंत्री ने मीटिंग में कहा कि निकायों के राजस्व संग्रह में वृद्धि से नगर निगम, नपा, नपं के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शहरी सेवाएं प्रदान कर पाएंगे। महापौर, आयुक्त ने सवालों का जवाब देते हुए बैठक में निगम की वर्तमान कर वसूली, व्यवस्था, कार्य योजना से अवगत कराया।



बैठक के बाद महापौर, आयुक्त ने कहा कि वीडियो कान्फ्रेंसिंग ऑनलाइन मीटिंग में हुआ संवाद निगम के लिए मार्गदर्शन एवं उपयोगी था। बैठक में दिए गए सुझावों को अमल में लाया जाएगा। निगम पहले की अपेक्षा अधिक सशक्त और जनहितैषी बनेगा।

## कोटाभर्री के तालाब में डूबने से मासूम की मौत

**नगरी।** नगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटाभर्री में एक चार वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक बालक की पहचान गरम लाल कमार पिता राजेश मरकाम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बालक बीते बुधवार को घर से खेलने के लिए तालाब के पास गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवारजन और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। गुरुवार शाम लगभग 4 बजे तालाब में तैरता हुआ एक शव दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर वह शव गरम लाल का ही निकला। अचानक हुई इस घटना से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नगरी सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दामाद ने की सास की कुल्हाड़ी मारकर हत्या



- हिंछापुर सांकरा की घटना, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

गुरुवार को नगरी ब्लाक के ग्राम हिंछापुर सांकरा में दामाद सुरेश कुमार कमार ने शराब के नशे में अपनी सासू मां जागोतीन बाई कमार उम्र 52 वर्ष पति बलुकू राम कमार की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना दोपहर 1:30 की है । दामाद सुरेश कुमार ने मामूली विवाद को लेकर अपनी सास जागोतीन बाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उस समय वह अपने घर में बर्तन साफ कर रही थी। जागोतीन बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया । वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर लोगों की काफी भीड़ लगी हुई थी। आरोपी सुरेश कुमार कमार ग्राम कोटाभर्री निवासी है जो दो वर्षों से अपने पत्नी के साथ अपने ससुराल में रह रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि आरोपी सुरेश कुमार नशे में आए दिन लड़ाई झगड़ा करता है। इससे पहले भी उसने अपने ससुर बलुकू राम कमार के साथ मारपीट की थी। वह नशे में रहकर गाली-गलौज करता रहता है जिससे ग्रामवासी भी काफी परेशान हैं।

## महिला के हाथ से मोबाइल छीन भागे बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तीजा मनाकर पति के साथ एक्टिवा में पीछे बैठकर अपने घर लौट रही महिला के हाथ से अज्ञात बाइक सवार मोबाइल छीनकर भाग गए।

पुलिस के अनुसार तिलकेश्वरी गजेंद्र पति अरूणकुमार उम्र 39 वर्ष दल्लीराजहरा निवासी तीजा पर्व मनाने अपने मायके ग्राम डुण्डा गई थी। त्योहार मनाने के बाद बुधवार को महिला पति के साथ एक्टिवा में पीछे बैठकर वापस अपने घर दल्लीराजहरा जा रही थी। ग्राम सिलीडीह व सिलतरा के बीच बाइक सवार दो अज्ञात युवक रांग साइड से एक्टिवा के करीब आए। इसी दौरान पीछे बैठे व्यक्ति ने सिलतरा मोड़ के पास झपट्टा मारकर महिला के हाथ से मोबाइल छीन लिया। बाइक सवार सिलतरा मोड़ की तरफ भागे। मोबाइल स्नेचिंग की शिकार पीड़ित महिला ने भखारा थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3/5, 304/2 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है।

- ग्राम सिलीडीह-सिलतरा तिराहा की घटना




कभी भी खुल सकता है आटोमेटिक सायफन गेट

# माड़मसिल्ली बांध भरने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारी बारिश और बाढ़ की खबरों के बीच महानदी परियोजना के बांधों की प्यास अभी भी नहीं बुझी है। इस साल गंगरेल बांध से महानदी में पानी छोड़ने का खूबसूरत नजारा लोगों को देखने को मिलेगा कि नहीं लेकिन माड़मसिल्ली बांध के सायफन से पानी छूटने की संभावना बन रही है।

गंगरेल बांध में 90 प्रतिशत से अधिक जलभराव पखवाड़े भर से है। जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावना को लेकर नदी किनारे के गांवों को अलर्ट कर रखा है। बांध से भरपूर मात्रा में सिंचाई पानी छोड़े जाने के कारण गंगरेल बांध में जलभराव की स्थिति यथावत बनी हुई है। शुक्रवार को गंगरेल बांध में 29.914 टीएमसी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है। बांध में पानी की आवक 9130 क्यूसेक तथा जावक 6239 क्यूसेक हो रही है। बांध को लबालब होने में दो फीट पानी की आवश्यकता है। बांध में क्षमता का 91.79 प्रतिशत जलभराव है।



गर्मी के दिनों में पूरी तरह खाली हो चुके माड़मसिल्ली बांध अब भरने की कगार पर है। महानदी के सहायक सिलियारी नदी पर स्थित माड़मसिल्ली बांध एशिया का पहला बांध है जिसमें आटोमेटिक सायफन स्पिलवे सिस्टम है। यह ब्रिटिशकाल में 1914 से 1923 के बीच बनाया गया है। इसमें 34 सायफन गेट है जो पानी का स्तर बढ़ने पर अपने आप खुल जाता है। बांध की जलभराव क्षमता 5.839 टीएमसी है। शुक्रवार को यहां 4.872 टीएमसी जलभराव है। माड़मसिल्ली बांध में पानी की आवक 1099 क्यूसेक तथा जावक जीरो है। बांध में 85.17 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। सिंचाई विभाग के अधिकारी के मुताबिक कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होते ही माड़मसिल्ली बांध का सायफन गेट आटोमेटिक खुल जाएगा।

### दुधावा बांध आधा भर पाया

महानदी परियोजना के दूसरे सबसे बड़े बांध दुधावा की जलभराव क्षमता 10.192 टीएमसी है। यहां शुक्रवार को 5.392 टीएमसी पानी का रिकार्ड दर्ज किया गया है। पानी की आवक 555 क्यूसेक तथा जावक 80 क्यूसेक हो रही है। यहां जलभराव 52.15 प्रतिशत है। सिंचाई तथा पीने की पानी का आपूर्तिकर्ता दुधावा बांध का निर्माण 1953 से शुरु होकर 1964 में पूरा हुआ।

### सोंढूर बांध में 72% जलभराव

6.995 टीएमसी क्षमता वाले सोंढूर बांध में शुक्रवार को 5.242 टीएमसी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया है। बांध में पानी की आवक- जावक 70 क्यूसेक हो रही है। क्षमता का 72.35 फीसदी जलभराव हुआ है। इस बांध का निर्माण 1988 में किया गया था।

### करेली बड़ी परिक्षेत्र भवन उद्घाटन में सामाजिकजन उमड़े

# समाज के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी : वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





साहू संघ परिक्षेत्र करेली बड़ी सामाजिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने फीता काटकर किया।

वीरेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज साहू भवन का लोकार्पण ही नहीं हुआ बल्कि सामाजिकगणों के त्याग, तपस्या, एकता के संगठन का शुभारंभ हुआ है। समाज के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी है। समाज में फलफूल रही नशाखोरी को समूल नष्ट करने आगे आने होगा। जिला पंचायत की पूर्व सदस्य कुसुमलता साहू ने कहा कि संघ की आवश्यकता के अनुरूप भवन स्वीकृत कराया गया। समाज में एकता, संगठन एवं विकास के लिए सामाजिक भवन होना आवश्यक है। ग्राम पंचायत करेली बड़ी सरपंच हेमलता साहू ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने सामाजिक भवन के लिए जगह उपलब्ध कराना सौभाग्य का विषय है। तहसील साहू संघ अध्यक्ष तोषण साहू ने कहा कि समाज में रोटी, बेटी का विषय निरंतर चलने वाली समस्या है। समाज में बदलाव के लिए प्रत्येक गांव में समर कैंप के माध्यम से बच्चों की नैतिक शिक्षा देने का प्रयास किया गया। जनपद सदस्य विनीता साहू ने कहा कि समाज में नशाखोरी को समाप्त करने की आवश्यकता है तभी समाज का विकास होगा।

परिक्षेत्र संरक्षक श्याम साहू, तहसील साहू संघ सचिव जितेंद्र साहू, उपाध्यक्ष डॉ सुशीला साहू, खिसोरा परिक्षेत्र अध्यक्ष रोहित साहू, सिंगपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष ने भी समाज में एकता एवं संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। मौके पर परिक्षेत्र करेली बड़ी साहू समाज अध्यक्ष कार्तिक राम साहू सहित 18 गांव के ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी, करेली बड़ी पंचायत के पंचगण उपस्थित थे। इसी क्रम में शिक्षक दिवस पर सामाजिक शिक्षकों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। मंच संचालन करेली बड़ी परिक्षेत्र सचिव टोमन साहू व आभार व्यक्त करेली बड़ी साहू समाज ग्रामीण अध्यक्ष ओमलाल साहू ने किया।

## फूलों की वर्षा से हुआ ईद मिलादुन्नबी शोभायात्रा का स्वागत

- नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने बरसाये फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शुक्रवार को नगर पंचायत नगरी में मुस्लिम समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। धार्मिक झंडों, नारों और आकर्षक सजावट से पूरा नगर गूंज उठा और वातावरण श्रद्धा व उत्साह से भर गया। जुलूस जब नगर पंचायत कार्यालय के सामने पहुंचा तो नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सभापति शंकर देव, अश्विनी निषाद, पार्षद देवचरण ध्रुव, अंबिका ध्रुव और चेलेश्वरी साहू ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। फूलों की बौछार से पूरा माहौल खुशनुमा और धार्मिक रंग में रंग गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न धर्मों के लोगों ने भी शामिल होकर आपसी भाईचारे और सौहार्द्र का संदेश दिया। नगर में निकली इस शोभायात्रा ने एकता, प्रेम और सद्भाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसे देखने बड़ी संख्या में नगरवासी सड़कों पर उमड़ पड़े।

## सद्भावना मंच ने किया शिक्षकों का सम्मान



**मगरलोड।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना मंच मेघा के सदस्यों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का घर-घर जाकर सम्मान किया। सेवानिवृत्त शिक्षक केशरूराम महेंद्र, जगदीशराम निर्मलकर, भाऊराम ध्रुव, मेघनाथ साहू, आरडी साहू, करेली छोटी से दयाराम साहू, दयालुराम साहू, मनबोधराम साहू का तिलक लगाकर तथा शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रुपेश शर्मा ने किया।

## कबड्डी स्पर्धा में काटीदादर की टीम ने मारी बाजी

- केरेमुड़ा में नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनी पर्व पर हुई कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम पंचायत कौहाबाहरा के आश्रित ग्राम केरेमुड़ा में नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनी पर्व पर दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न ग्रामों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में काटीदादर की टीम प्रथम स्थान पर रही जिसे 5,000 रुपए पुरस्कार, द्वितीय, नरहरपुर 3,500 रुपए, तृतीय गोविंदपुर 2,500 रुपए, चतुर्थ स्थान पा रहे मारवाड़ी 1,500 रुपए का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कलावती मरकाम रहीं। विशेष अतिथि भवन सिंह प्रधान पाठक, संजय नेताम वार्ड पंच, कलिता मंडावी वार्ड पंच, अध्यक्ष इंदल नेताम, रामप्रसाद मरकाम, महिला प्रभाग अध्यक्ष सिया बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता, ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह मंडावी, उपाध्यक्ष अनुप कुमार, सदस्य बासन बाई, वार्ड पंच ममता नेताम, वार्ड पंच राजेश जुर्री, बिरझू राम मरकाम थे। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करने वाला बताया, बल्कि इसे नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनी जैसे पारंपरिक पर्वों के साथ सांस्कृतिक उत्सव का संगम भी माना।

## खो-खो चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी में जिलास्तरीय खो-खो चयन प्रतियोगिता हुई। ग्राम प्रमुख दुर्गा सिन्हा, शाला प्रबंधन विकास समिति एवं पालक समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष लोकेश सिन्हा, चंद्रकला सिन्हा जिला खेल प्रभारी, हरीश देवांगन व्यायाम शिक्षक संघ अध्यक्ष, ममता ठाकुर सचिव, हेमलाल सिन्हा कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र साहू ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी कुरूद, ओपी साहू व्यायाम शिक्षक, वेदराम साहू , सुनील सिंहा, प्रदीप सिन्हा, जितेंद्र साहू, चोवालाल साहू, संदीप सिन्हा की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संभाग स्तर के लिए अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया। संरक्षक प्राचार्य एसके साहू ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। जिला क्रीड़ा प्रभारी हरीश देवांगन ने लक्ष्य प्राप्त होते तक डटे रहने की प्रेरणा दी। इस आयोजन में व्यायाम शिक्षक टार्केंद्र साहू की विशेष भूमिका रही।

## देवरी में कबड्डी स्पर्धा का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम देवरी में श्रीश्री गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिन्धु बैस जनपद सभापति कुरुद थीं। मौके पर संरपच योगमाया साहू, रामचंद्र साहू, खिलेश बैस, थानेश्वर बैस, रुपेश साहू, अवध यादव, चोपेश्वर बैस, देविका साहू, मालती बैस, रामकृष्ण साहू, गोपी चन्द्राकर, कुलदीप यादव, प्रेमलाल साहू उपस्थित थे। विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।


## पुरूर अंचल के चौक-चौराहों पर विराजे गजानन

- पंडालों में हो रहे धार्मिक आयोजन, पूजा-अर्चना में भक्त हुए लीन

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)







क्षेत्र में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम है। गांव-गांव में समितियों के द्वारा चौक चौराहों पर भगवान श्री गणेश की स्थापना की गई है। प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

ग्राम सोरम में महाकाल परिवार द्वारा भव्य गणेश झांकी एवं विसर्जन 5 सितम्बर को रखा गया है। ग्राम उसरवारा वीआईपी गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। ग्राम चिटौद में ठाकुर देव गणेश उत्सव समिति द्वारा पंडाल में सिंदूरी रंग की मूर्ति रखी है। । इसी प्रकार गांधी चौक, जवाहर चौक, सुभाष चौक, बालक चौक मे गणेश उत्सव समितियों के द्वारा 8 से 10 फीट की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। ग्राम पुरूर में श्रीश्री महाराज गणेश उत्सव समिति सहित अन्य समिति भी पंडालों में भव्य गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर भक्ति भाव में डूबी हुई है।

इसी तरह ग्राम कुम्हारखान, चंदनबिरही, बागतराई, नवागांव, आनंदपुर, भर्रीगांव, उसरवारा, फागुनदाह, मुड़खुसरा, बालोदगहन, बोरिदकला, सोरम, बोरिदखुर्द, कसावाही सहित अंचल के सभी गांवों में भगवान गणेश जी की विभिन्न रूपों में मूर्ति स्थापित की गई है। गणेश उत्सव का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

### साप्ताहिक बाजार में लोगों को किया जागरूक

## फरसियां स्कूल के छात्रों ने निकाली उल्लास रैली






हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

फरसियां स्कूल में उल्लास रैली व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रैली विद्यालय परिसर से निकलकर साप्ताहिक बाजार पहुंची।

विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सोन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य निरक्षरता के विरुद्ध संघर्ष के पक्ष में जनमत तैयार करना है। साक्षरता लोगों के लिए व्यापक ज्ञान, कौशल, मूल्य, दृष्टिकोण और व्यवहार अर्जित करने का एक आधार है, जिससे समानता और गैर-भेदभाव, कानून के शासन, एकजुटता, न्याय, विविधता और सहिष्णुता के सम्मान पर आधारित स्थायी शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। आपसी समझ, सामाजिक एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए साक्षरता की परिवर्तनकारी क्षमता का दोहन करना आवश्यक है। साक्षरता न केवल लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद करती है बल्कि गरीबी मिटाने, जनसंख्या को नियंत्रित करने, बाल मृत्यु दर को कम करने आदि में भी मदद करती है। लोगों को साक्षर होने और सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने यह दिवस मनाया जाता है।

व्याख्याता यशपाल सिंह साहू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने के लिए 1965 में ईरान के तेहरान में आयोजित निरक्षरता उन्मूलन पर शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन में विचार किया गया। यूनेस्को ने 1966 में अपने 14वें आम सम्मेलन के दौरान आधिकारिक तौर पर 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया।

मौके पर व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरण श्रीमाली, लोमश पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, रासेयो प्रभारी ऋषिकेश साहू, रेडक्रास प्रभारी देवयानी सोम, स्काउट गाइड प्रभारी शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, निषाद, आरती निषाद, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर, प्रवीण कौशिल, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप उपस्थित थे।

## गोपेश, वासुदेव की प्रतिमा रही अव्वल



- टेंगना स्कूल में इको फ्रेंडली गणेश प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला टेंगना में रजत जयंती के अवसर पर इको फ्रेंडली गणेश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाई गई कलात्मक व आकर्षक गणेश प्रतिमाएं उनके सीखने सिखाने के कौशल को व्यक्त कर रही थी। इस प्रदर्शनी में उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। प्राथमिक वर्ग से कक्षा चौथी से गोपेश कश्यप और कक्षा छठवीं से वासुदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि पर्यावरण को केमिकल युक्तरंग व प्लास्टर ऑफ पेरिस से होने वाले नुकसान से बचाने मिट्टी से गणेश की प्रतिमा व अन्य सामग्री बनाई गई। इको फ्रेंडली गणेश व सामग्री जल को प्रदूषित नहीं करते। इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष खम्मनलाल मरकाम, प्रधानपाठक मनोज कुमार गंजीर, प्रधानपाठक ममता प्रजापति संतोष कुमार बांधव, यतींद्र गौर, पार्वती ध्रुव, सौरभ वैद्य, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## धमतरी में विराजे भगवान गणेश



**धमतरी।** पिंक सिटी कालोनी गणेश पंडाल रामपुर वार्ड धमतरी।


## नगरी में गणपति उत्सव की धूम



**नगरी।** बाल मण्डली मरेठापारा में साईं के रूप में गणेशजी।



**नगरी।** जय बजरंग गणेशोत्सव समिति महावीरपारा बिरगुड़ी।



**नगरी।** युवा गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड सिहावा।

## डांडेसरा में विराजे गजानन



**डांडेसरा(धमतरी)।** नव युवा गणेश उत्सव समिति भांठापारा डांडेसरा।




**डांडेसरा(धमतरी)।** स्मार्ट गणेश उत्सव समिति प्रेम नगर अटंग।



**डांडेसरा(धमतरी)।** स्माइल गणेश उत्सव समिति अस्पताल पारा अटंग।




**डांडेसरा(धमतरी)।** जय मां शीतला गणेशोत्सव समिति डांडेसरा।



**डांडेसरा(धमतरी)।** युवा गणेश उत्सव समिति रामपारा सेमरा डी।



**डांडेसरा(धमतरी)।** सर्व-धर्म युवा गणेश उत्सव समिति सचिव पारा सेमरा डी।



**धमतरी।** जय बजरंग गणेशोत्सव समिति महाकाल परिवार कर्मा चौक धमतरी।

## खबर संक्षेप

### चंडी मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन शुरू

**कुरुद।** नगर पालिका कुरुद की आराध्या मां श्री चण्डी देवी मंदिर समिति के प्रबंधन एवं देखरेख के निर्देश के पालन में इस वर्ष भी 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक क्वांर नवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। ज्योति शुल्क 751 रूपये रखा गया है। श्रद्धालु मां चण्डी मंदिर कार्यालय कुरूद, कार्यालय नपं कुरूद, कार्यालय कृषि उपज मण्डी कुरूद, मां चण्डी बर्तन दुकान सहकारी बैंक के पास कुरूद, श्रीराम आटो पाइंट कुरूद, कान्हा प्लाईवुड, सहकारी बैंक के पास कुरूद एवं मोहन टेडर्स कुरूद के पास अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### जीएसटी रिफार्म से देशवासियों को टैक्स से मिली बड़ी राहत



- ज्यादातर वस्तुओं में आसान व सुलभ टैक्स ढांचे की प्रशंसा

**धमतरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी परिषद ने जीएसटी रिफॉर्म्स को मंजूरी प्रदान की है,जिससे देशवासियों को टैक्स में भारी राहत मिली है। देश में अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब रहेंगे। 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत यानी 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरें खत्म हो गईं और ज़्यादातर वस्तुएं आसान व सुलभ टैक्स ढांचे में आ गई हैं। इसे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू ने स्वागत योग्य बताया। श्रीमती साहू ने कहा कि इसका सीधा लाभ किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं, युवाओं और छोटे व्यापारियों को मिलेगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय न केवल नागरिकों के जीवन को सरल व सुगम बनाएगी बल्कि उद्योग व व्यापार जगत को नवीन ऊर्जा देने के साथ स्थानीय उत्पादन व उद्यमिता को भी बढ़ावा देगी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया है।

### मां कर्मा के आदर्श सदैव सेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते रहेंगे : ओंकार



**धमतरी।** रुद्री (सोरम) परिक्षेत्र साहू समाज सामुदायिक भवन परिसर में संत मां कर्मा मंदिर का उद्घाटन एवं मां कर्मा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर समाज की एकता, आस्था और संस्कारों को और अधिक मजबूत बनाने वाला है। मां कर्मा के आदर्श समाज को सदैव सत्य, अहिंसा, परोपकार और सेवा के पथ पर अग्रसर करने की प्रेरणा देते रहेंगे। सभी ने मां कर्मा से समाज एवं क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर जिलाध्यक्ष अवनेंद साहू, गोपाल साहू, पार्वती साहू, श्यामसुंदर सिन्हा , फागूराम साहू सरपंच, नरेंद्र साहू, शुभम साहू, केशव साहू, श्रीमती अनुपमा साहू, टोगेश साहू, राजेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

#### जामा मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म अदा कर सलातो सलाम का नजराना पेश किया

# मुस्लिम समाज ने जुलूस निकाल कर मनाई ईद मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पैगम्बर मोहम्मद साहब की पंद्रहवी जन्म शताब्दी पूरे शान शौकत के साथ मनाई गई। मुस्लिम समाज कुरूद द्वारा नात ए रसूल पढ़ते हुए भव्य जुलूस निकाला गया। जामा मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म अदा कर सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया। इस मौके पर सियासी दलों के नेता एवं गणमान्य नागरिकों ने मुसलमान भाइयों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुभकामनाएं दी।



शुक्रवार सुबह दस बजे ईदगाह मैदान कुरूद से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस हर्षोल्लास से निकाला गया। समाज के युवाओं ने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा के तराने गाए साथ ही मरहबा या मुस्तफा आका की आमद मरहबा जैसे नात की सदाएं बुलंद की। रंग बिरंगी पोशाक में सजे छोटे बच्चों ने हाथ में परचम ए इस्लाम लेकर जूलूस में भाग लिया। कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाज़ार होते हुए जुलूस जामा मस्जिद पहुंचा। जहां इमाम शेख अमानुल्ला कादरी, सदर अय्यूब खान, हाजी सुलेमान, सै. हसन अली, गफ्फार हलारी, हकीम खान, शेख़ बब्बू, यूनूस भाई, शेख सहाबुद्दीन,अहमद खान आदि ने परचम ए इस्लाम फहराया।

इससे पूर्व गुरुवार रात में महफ़िल ए नात का शानदार प्रोग्राम हुआ। जिसमें समाज के बच्चों और नवजवानों ने पैगम्बर साहब की शान में नात पेश की। शेख सरफराज की अगुवाई में यंग ग्रुप्स द्वारा इस बार भी मस्जिद में बेहतरीन सजावट की गई। मस्जिद पहुंचे विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेता शिवप्रताप ठाकुर, प्रकाश चैनवनी, खिलेन्द्र चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, प्रमोद साहू ने मुसलमानों को गले लगाकर पर्व का इजहार किया। मौके पर लतीफ उस्मानी, जमाल रिजवी, शफी ख़ान, मो. युसुफ, मो.जमील, सलीम गोरी, नजीर शेख, अख्तर खान, सहाबुद्दीन रिजवी, ताजुद्दीन, मेहबूब खान, इमरान बेग, इकबाल भाई, इसहाक खान, अमीन हलारी, इस्लाम रजा, रहीम कुरैशी, फरजान ख़ान, रिजवान रिजवी, साहिल, जफर, यासीन, इनायत, वकार, यासीन, अफ़्तब्बुदीन शेख जाहिद, अयान, हनीफ खान उपस्थित थे।

### पैगम्बर एक शिक्षक की तरह रहे : चंद्राकर



क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर ने अपने संदेश में कहा कि आज पैगाम्बर मो. साहब का जन्मदिन और शिक्षक एक ही दिन पड़ा है। पैगाम्बरे इस्लाम इंसानियत के लिए एक शिक्षक की तरह रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में ईल्म ज्ञान, शिक्षा को बेहद तरजीह दी। आपने कहा था कि ईल्म हासिल करने के लिए चीन भी जाना पड़े तो जाओ। मो. साहब ने कहा था कि ईल्म हासिल करना हर मर्द-औरत पर फरज़ है। आलिम-ज्ञानी व्यक्ति की स्याही शहीद के खून से भी ज्यादा पाक है। उन्होंने कहा था कि सबसे खूबसूरत चीज जो इंसान अपने पीछे छोड़ सकता है, वह ज्ञान है जो आपकी मृत्यु के बाद भी काम करता है। श्री चन्द्राकर ने मुस्लिम समाज को जश्ने ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी।

## गोल बाजार, शराब दुकान के अहाते में गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना



- अहाता से 1 बोरी डिस्पोजल, 30 बोरी पानी पाउच जब्त, निगम टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के नेतृत्व में टीम ने गोल बाजार सब्जी विक्रय पसरा में जाकर ठोस कार्रवाई करते हुए बाजार में कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूला। निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों को बाजार के अंदर कचरा फैलाते पाया गया। निगम टीम ने उनके खिलाफ 1 हजार रूपये का जुर्माना ठोका। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

आयुक्त ने आम नागरिकों से कहा कि स्वच्छ धमतरी बनाने में सबका सहयोग जरूरी है। कचरा केवल निर्धारित स्थलों में ही डालें। शहर की सुंदरता व स्वास्थ्य नागरिकों की अच्छे स्वास्थ्य के लिए निगम प्रतिबद्ध है। निगम प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक का भी कतर्व्य है कि स्वच्छता अभियान में कदम से कदम मिलकर चले।

इसी तरह स्वच्छता टीम ने रूद्री रोड आमातालाब के पास स्थित शराब दुकान के अहाता सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल, पानी पाउच आदि रखा हुआ मिला। मौके पर अधिकारियों ने 1 बोरी प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री, 30 बोरी पानी पाउच जब्त की। आयुक्त के निर्देश पर छापामार कार्रवाई निरंतर चलेगी। प्रतिबंधित प्लास्टिक तथा सार्वजनिक जगह में कचरा फेंकने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी।

# शान से निकाला जुलूस ए मोहम्मदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत पर मनाया जाने वाला त्योहार जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को शान से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जिसमें हजारों की तादाद में समाज के लोग शामिल हुए। बच्चे हाथों में इस्लामी झंडा लिए लहराते हुए चल रहे थे। नए और आकर्षक परिधान में लोगों का उत्साह झलक रहा था। रास्ते भर नाते पाक और दुरुदो सलाम पढ़ते हुए लोग आगे बढ़ रहे थे। सुबह 11 बजे जामा मस्जिद से जुलूस रवाना हुआ। चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक म्युनिस्पिल स्कूल चौक, रिसाई पारा, बनियापारा, कचहरी चौक होते हुए जामा मस्जिद पहुंचा। जहां परचम कुशाई के बाद सलातो सलाम पढ़ा गया और दुआ की गई। ईद मिलादुन्नबी को लेकर मुसलमानों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने एक दूसरे से मिलकर मुस्तफा जाने रहमत के यौमे पैदाइश की मुबारकबाद दी।



इससे पहले अलसुबह मस्जिदों में पैगम्बरे इस्लाम हुज़ूर मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो तआला अलैहिवसल्लम के मुबारक शरीफ को सलातो सलाम पढ़ते हुए गुस्ल दिया गया। इसके बाद जियारत की गई। इस दिन मस्जिदों में नमाजे फजर अव्वल वक्त में अदा की गई जहां सलातो सलाम के बाद फातिहा ख्वानी हुई।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मस्जिदों, मदरसों, ईदगाह में सुबह परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। मदीना मस्जिद नवागांव वार्ड में परचम कुशाई समाज के वरिष्ठजनों ने की। यतीमखाना उस्मानिया अंजुमन इस्लामिया आमापारा और रत्नाबांधा चौक स्थित ईदगाह में परचम कुशाई की गई। ईदगाह में हाजी मोहम्मद दिलावर रोकड़िया के हाथों परचम कुशाई हुई। रिसाईपारा में मस्जिद गरीब नवाज के सामने खुद्दाम रजा कमेटी की जानिब से परचम कुशाई का कार्यक्रम रखा गया। मदरसा हनफिया सिहावा चौक में परचम कुशाई की गई नवागांव वार्ड स्थित दारुल उलूम नूर ए मोहम्मदी मदरसा में मौलाना गौस मोहम्मद कादरी और सैयद इनायत अली बाकरी के हाथों परचम कुशाई की गई।

## लिमतरा में भक्त पूरनमल की झांकी का हुआ मंचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री शिवाय नमस्तुभ्यं गणेशोत्सव समिति लिमतरा दवारा अनुराग मानस मंच में राम सत्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच श्रीमती भुनेशवरी साहू, उपसरंपच पंकज साहू, भगवती राम, घनश्याम साहू तथा चंद्रहास ने किया।

बारना मंडली के गायक किशनलाल साहू एवं उनके कलाकारों की प्रशंसा करते हुए शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि उनके कलाकारों में जबरदस्त अनुशासन, समय की पाबंदी, एकता एवं सामंजस्य देखने को मिला।

झांकी दर्शन में भक्त पूरनमल की गुरु भक्ति, योगा, देशभक्तिपूर्ण गीतों एवं व्यवहारिक ज्ञान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में समिति के पंकज, खिलेद्र, बीरेंद्र ध्रुवंशी, ताम्रध्वज, मोनिश, पूनम, संदीप, प्रदीप, योगू, खेमराज, रुपूराम, राजेश, लिखीराम, हेमलाल, नेमू, टिकेशवर की सहभागिता रही।



### उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिले सोनी

**धमतरी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव को खेल व युवक कल्याण विभाग का प्रभार दिया गया है। मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री से नगर के युवा भाजपा नेता हेमराज सोनी ने मुलाकात की।

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का लेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फोन : 9827143060/8871003060

## खार के देवी-देवताओं की हुई गरब पूजा



- हटकेशर के किसानों ने अच्छी फसल की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अच्छी फसल की कामना को लेकर हटकेशर खार में ग्राम तथा खार के देवी देवताओं का विशेष पूजन हुआ। किसान शांतिलाल देवांगन, विनोद पटेल, नारायण देवांगन ने बताया कि इस वर्ष भी ग्राम खार के राव, कारी राव, भैंसासूर, लिमाई, भाई डोली, धनभाई, भूताही, बजरंगी का विधिवत हवन पूजन हुआ। उन्होंने बताया कि कोट प्रकोप के नाश और अच्छी फसल की कामना के साथ यह गरब पूजन किया गया। गरब पूजा में किसान चंदर गहरवाल, ईश्वर पटेल, दीपक बंजारे, देशराम ध्रुव, मयाराम पटेल, केशव साहू, नरेश साहू, संतोष साहू, नीलकंठ साहू, महेश साहू, रामेश्वर ध्रुव, अवध ढीमर, भुनेशर साहू, विष्णु देवांगन, हरक साहू, योगेश्वर बंजारे उपस्थित थे। हवन पूजन का कार्य राजू महाराज ने संपन्न कराया।

## जिला सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आनंद उत्सव भवन रायपुर रोड धमतरी में जिला सहकारी संघ की सातवीं वार्षिक आमसभा संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू की अध्यक्षता एवं प्रदीप ठाकुर उपायुक्त सहकारिता धमतरी, बलरामपुरी गोस्वामी नोडल अधिकारी को-ऑपरेटिव बैंक धमतरी परिक्षेत्र, राकेश चंदवानी पार्षद एवं अखिलेश सोनकर सभापति जल विभाग नगर निगम , नरेंद्र साहू पैक्स प्रबंधक संघ प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में हुई।

संघ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का पठन किया गया। उपायुक्त सहकारिता श्री ठाकुर ने कहा कि जिला सहकारी संघ लगातार अपने उद्देश्यों के तहत बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने जिले में कार्यरत सहकारी समितियों की जानकारी दी। कार्यक्रम को नोडल अधिकारी तथा अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर सहकारिता विभाग के सहकारी निरीक्षक अरविंद मिश्रा, भुनेश्वर नेताम, गुणेश वैष्णव, तोषी भूआर्य, सहकारिता विस्तार अधिकारी जितेंद्र नंदा, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एस प्रसाद, श्रीमती पूर्णिमा घाणेकर सहित अन्य उपस्थित थे। आमसभा का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता ने किया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## राज्य स्तरीय कुश्ती स्पर्धा में जीते कई मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता रायगढ़ में हुई जिसमें धमतरी जिले के 12 पहलवानों ने विभिन्न वजन समूह में भाग लिया। दो दिन तक चली कुश्ती प्रतियोगिता में 56 किलो ग्राम वजन समूह में कुणाल यादव गोल्ड मेडल, 52 किलो ग्राम हितेश कुर्रे गोल्ड मेडल, मेहुल कुमार 56 किलो ग्राम सिल्वर मेडल, मनीष यदु 70 प्लस किलो ग्राम ब्रांज मेडल जीते। कोच नुमेश यादव, सूरज छांटा थे। एआर थिटे, चंद्रशेखर चौबे, लक्ष्मन पहलवान, भगवान सिंह यादव, विजय कुमार यादव, कैलाश यादव, राजेश ढीमर, रामकुमार साहू, मेघराज यदु, शिवा प्रधान, ईश्वर पटेल ने हर्ष जताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

गौरव के पल... बधाईयां
नवीन प्राथमिक शाला कोलियारी की नवाचारी शिक्षिका
प्रीति शांडिल्य को
मान. राज्यपाल रामेन डेका जी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी,
शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव जी के हाथों
राज्यपाल पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

- मार्गदर्शक व प्रेरणास्त्रोत -
जिला शिक्षाधिकारी धमतरी श्री अभय कुमार जायसवाल, पूर्व जिला शिक्षाधिकारी श्री तेजराम जगदल्ले
पूर्व सहायक संचालक श्री लक्ष्मणराव मगर, श्री अरूण गौर, प्रधानपाठक श्री महेंद्र कुमार ध्रुव
शिक्षिका श्रीमती अंजली पाण्डेय, संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा
-: शुभेच्छु :-
बीआरसी ललित सिन्हा, बीईओ लीलाधर चौधरी, श्री जैन सर, एपीसी नंदकिशोर साहू, खेमेन्द्र कुमार साहू
डीपीओ एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं समस्त पालकगण नवीन प्राथमिक शाला कोलियारी, धमतरी